बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
सकारण आदेश

संवेदक संजीव कुमार (निबंधन संख्या–2180511) PAN-AFZPK6815P, At–04 Gurusahai Lal Nagar, Ashiyana Nagar, Patna, Bihar, Pin- 800025 द्वारा कार्य प्रमंडल, हिलसा के MMGSY (Gen) योजनान्तर्गत Dhurgawn more Ramchandrapur chamar to Toli Kudwa Pokhar पथ का कार्य आवंटित किया गया था। एकरारनामा संख्या– SBD-85/2018-19 के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि 09.03.2019 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 08.03.2020 है।

संदर्भित पथ का निर्माण किये जाने हेतु कई बार संवेदक को पत्राचार के माध्यम से कार्यपालक अभियंता द्वारा निदेश दिये जाने के उपरान्त संदर्भित पथ का कार्य एकरारनामा में निहित प्रावधानों के अनुसार कार्य प्रारंभ नहीं करने एवं कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं होने के कारण कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, हिलसा द्वारा उक्त एकरारनामा को कार्यलय आदेश ज्ञापाक–3129 दिनांक–13.11.2023 द्वारा विखंडित करते हुए संवेदक के निबंधन को कालीसूची में सम्मिलित किये जाने हेतु अनुशंसा उपलब्ध करायी गई।

उक्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक–910 दिनांक–15.02.2024, पत्रांक–2204 दिनांक–19.06.2024 एवं 2924 दिनांक–03.09.2024 द्वारा संजीव कुमार (निबंधन संख्या–2180511) से स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया गया। तदनुसार उक्त संवेदक द्वारा दिनांक–21.10.2024 को स्पष्टीकरण समर्पित करने हेतु उल्लेखित किया गया कि संदर्भित पथ में किये गये कार्य का भुगतान ससमय नहीं होने के कारण पथ के निर्माण में विलम्ब हुई।

संवेदक द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण के आलोक कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल मसौढ़ी द्वारा पत्रांक–882, दिनांक–16.05.25 द्वारा मंतव्य उपलब्ध कराया गया, जिसमें प्रतिवेदित किया गया कि Dhurgawn more Ramchandrapur chamar to Toli Kudwa Pokhar, पथ निर्माण कार्य का तीन बार भुगतान किया गया था। प्रथम विपत्र का भुगतान रू–1088862.00 (दस लाख अठासी हजार आठ सौ बासठ) दिनांक–22.02.20 को किया गया, द्वितीय भुगतान रू0– 1782076 (सत्रह लाख बेरासी हजार छिहत्तर) दिनांक–7.10.20 एवं तृतीय भुगतान –730670 (सात लाख तीस हजार छह सौ सत्तर) दिनांक–5.09.23 को किया गया था, जिसमें तृतीय भुगतान के दौरान संवेदक का बैंक खाता Inactive होने के कारण वापस हो गया था।

इस तथ्य से संवेदक को कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल हिलसा के पत्रांक–1910, दिनांक–08.10.23 के माध्यम से अवगत भी कराया गया था एवं बैंक खातें को पुनः Active करा कर अथवा अपने किसी अन्य खाते को Payee ID के साथ टैग करने हेतु कैन्सील चैक, आधार, पैन, निबंधन एवं GST को कार्यालय में जमा करने को कहा गया परंतु संवेदक द्वारा कोई भी प्रतिक्रिया नही दी गई जिसके कारण तृतीय भुगतान लंबित रहा। साथ ही कई बार मौखिक एवं पत्र के माध्यम से कार्य को पुनः प्रारम्भ करने हेतु कहा गया परन्तु संवेदक द्वारा संदिर्भत पथ के निर्माण में कोई अभिरूची नहीं ली गयी।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में संवेदक संजीव कुमार (निबंधन संख्या– 2180511) PAN-AFZPK6815P, At–04 Gurusahai Lal Nagar, Ashiyana Nagar, Patna, Bihar, Pin- 800025

द्वारा कार्य प्रमंडल, हिलसा के अधीन आवंटित पथ निर्माण में एकरारनामा की शर्त्तों का अनुपालन नहीं करने के कारण बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) के कंडिका 11(क)(vi) एवं 11(ख)(ii) में निहित प्रावधान के तहत संवेदक के निबंधन संख्या–2180511 एंव PAN-AFZPK6815P को 03(तीन) वर्षों के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

(जय किशोर ठाकुर)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–14/अ0प्र0–14–51/2025 1142 /पटना, दिनांकः– 29.1.26

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, पथ निर्माण विभाग,/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/योजना एवं विकास विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/नगर विकास एवं आवास विभाग/उर्जा विभाग/कृषि विभाग/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः– 14/अ0प्र0–14–51/2025 1142 /पटना, दिनांकः– 29.1.26

प्रतिलिपिः–सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग एवं आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–14/अ0प्र0–14–51/2025 1142 /पटना, दिनांकः– 29.1.26

निबंधित

प्रतिलिपिः– संजीव कुमार (निबंधन संख्या– 2180511) PAN-AFZPK6815P, At–04 Gurusahai Lal Nagar, Ashiyana Nagar, Patna, Bihar, Pin- 800025 को सूचनार्थ प्रेषित।

अभियता प्रमुख